प्रयागराज, कानपुर रायबरेली, कौशम्बी, इटावा, फिरोजाबाद, कानपुर देहात, बांदा, औरैया, उन्नाव, वाराणसी, मिर्जापुर, हमीरपुर, जालौन एवं महाराष्ट्र, मध्यप्रदेश से प्रसारित

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

उ0प्र0 सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त समाचार पत्र

# न्यूज़ वाणी

www.newswani.in

फतेहपुर एवं लखनऊ से एक साथ प्रकाशित

वर्ष : 14 अंक : 313 | बुधवार 05 नवम्बर, 2025 | डाक पंजीयन संख्या: एफटीपी/एल/समाचार पत्र/2025–27/106 | पृष्ठ 06 मूल्य 1.00 रूपया

## ममता ने एसआइआर के खिलाफ किया शक्तिप्रदर्शन

### भाजपा बोली - यह जमात की रैली

***बनर्जी अपने भतीजे और पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव अभिषेक बनर्जी के साथ शहर के बीचों–बीच हजारों समर्थकों के साथ निकलीं। 3.8 किलोमीटर लंबा यह मार्च रेड रोड स्थित बीआर अंबेडकर की प्रतिमा से शुरू होकर रवींद्रनाथ टैगोर के पैतृक निवास, जोड़ासांको ठाकुर बाड़ी तक गया, जहाँ इसका समापन होना था।***



नई दिल्ली04 नवम्बर (एजेंसी)पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी मंगलवार को कोलकाता की सड़कों पर उतरीं और मतदाता सूची के चल रहे विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) के खिलाफ एक विशाल रैली का नेतृत्व किया। तृणमूल कांग्रेस ने आरोप लगाया है कि यह पुनरीक्षण अभियान भाजपा के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार द्वारा चुनाव आयोग के साथ मिलीभगत से चलाया जा रहा है। बनर्जी अपने भतीजे और पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव अभिषेक बनर्जी के साथ शहर के बीचों–बीच हजारों समर्थकों के साथ निकलीं। 3.8 किलोमीटर लंबा यह मार्च रेड रोड स्थित बीआर अंबेडकर की प्रतिमा से शुरू होकर रवींद्रनाथ टैगोर के पैतृक निवास, जोड़ासांको ठाकुर बाड़ी तक गया, जहाँ इसका समापन होना था।रास्ते में सड़कें टीएमसी कार्यकर्ताओं और समर्थकों से भरी हुई थीं, जो पार्टी के झंडे लहरा रहे थे, नारे लगा रहे थे और एसआईआर प्रक्रिया की निंदा करते हुए चमकीले तख्तियाँ लिए हुए थे। अपनी जानी–पहचानी सफेद सूती साड़ी और चप्पल पहने, मुख्यमंत्री जुलूस में सबसे आगे चल रही थीं, और बीच–बीच में रुककर उन निवासियों का अभिवादन कर रही थीं जो बालकनी से बाहर निकलकर या सड़क किनारे खड़े होकर उनकी एक झलक पाने की कोशिश कर रहे थे। अभिषेक बनर्जी उनके ठीक पीछे चल रहे थे और वरिष्ठ मंत्रियों और पार्टी पदाधिकारियों के साथ जयकार कर रही भीड़ का अभिवादन कर रहे थे।

हालाँकि, भाजपा ने तीखा पलटवार किया। पश्चिम बंगाल विधानसभा में विपक्ष के नेता शुभेंदु अधिकारी ने मंगलवार के मार्च को जमात की रैली बताया और दावा किया कि यह भारतीय संविधान के मूल्यों के विरुद्ध है। इसी भावना को दोहराते हुए, पश्चिम बंगाल भाजपा अध्यक्ष समिक भट्टाचार्य ने कहा, ष्अगर ममता जी को कुछ कहना है, तो उन्हें सर्वोच्च न्यायालय का दरवाजा खटखटाना होगा। पश्चिम बंगाल में पूरी तरह अराजकता है और कानून–व्यवस्था का पूरी तरह से अभाव है।

## केंद्रीय मंत्री ललन सिंह के खिलाफ एफआईआर दर्ज

***जदयू नेता ललन सिंह पर मोकामा चुनाव में मतदान के दिन विपक्षी नेताओं को घर से बाहर न निकलने देने की कथित टिप्पणी को लेकर एफआईआर दर्ज की गई है। इस विवादित बयान के बाद चुनाव आयोग ने उनसे स्पष्टीकरण मांगा था, जबकि राजद ने उन पर चुनाव आयोग को कमजोर करने का आरोप लगाया है, जिससे बिहार की राजनीति में गरमाहट आ गई है।***



नई दिल्ली04 नवम्बर (एजेंसी)मोकामा विधानसभा चुनाव में पार्टी उम्मीदवार अनंत सिंह के समर्थन में एक रोड शो के दौरान की गई विवादास्पद टिप्पणी को लेकर केंद्रीय मंत्री और जदयू नेता ललन सिंह के खिलाफ बिहार के मोकामा पुलिस स्टेशन में मामला दर्ज किया गया है। ललन सिंह का भाषण, जिसमें उन्होंने कथित तौर पर समर्थकों को मतदान के दिन कुछ विपक्षी नेताओं को घरों से बाहर न निकलने देने के लिए उकसाया था, वायरल हो गया था, जिसके बाद चुनाव आयोग ने एक नोटिस जारी कर स्पष्टीकरण मांगा था कि उनके खिलाफ कार्रवाई क्यों न की जाए। स्थानीय प्रशासन से भी रिपोर्ट मांगी गई थी।व्यापक रूप से प्रसारित वीडियो क्लिप में सिंह कथित तौर पर यह कहते सुने जा सकते हैं, ष्कुछ नेता हैं, उन्हें मतदान के दिन अपने घरों से बाहर न निकलने दें। उन्हें अंदर ही रखें।ष जदयू नेता पर निशाना साधते हुए, राष्ट्रीय जनता दल ने एक्स पर एक वीडियो क्लिप पोस्ट की और बिहार विधानसभा चुनावों के दौरान विपक्षी मतदाताओं को मतदान करने से रोकने के लिए अपने समर्थकों को कथित तौर पर उकसाने के लिए उनकी निंदा की।राजद प्रवक्ता प्रियंका भारती ने भी इस आक्रोश को दोहराया और इसे ष्राज्य प्रायोजित धमकीष बताया और विपक्ष पर लगातार श्जंगल राजश के हमले के बीच प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की चुप्पी पर सवाल उठाया। एक्स पोस्ट में उन्होंने लिखा, ष्मतदान के दिन, विपक्षी नेता को घर से बाहर न निकलने दें! उन्हें घर के अंदर ही सीमित रखेंय अगर वह ज़्यादा विरोध करें, तो उन्हें अपने साथ ले जाएँ और वोट डालने दें। ललन सिंहष उन्होंने आगे लिखा, ष/म्ब्टम्म्च /ब्ळपींत क्या आप अपनी नींद से जागेंगे और इस सज्जन के दबंग बयानबाजी से भरे वीडियो की सत्यता की पुष्टि करेंगे और उचित कार्रवाई करेंगे?मोकामा, जहाँ 6 नवंबर को पहले चरण में मतदान होगा, 2025 के चुनावों में एक बार फिर से हाई–वोल्टेज चुनावी मुकाबला देखने को मिलेगा। जनता दल (यूनाइटेड) ने कद्दावर नेता अनंत सिंह को मैदान में उतारा है, जबकि राष्ट्रीय जनता दल (राजद) ने पूर्व सांसद और प्रभावशाली नेता सूरजभान सिंह की पत्नी वीणा देवी को उम्मीदवार बनाया है। जन सुराज पार्टी से प्रियदर्शी पीयूष चुनाव लड़ रहे हैं। बिहार की 243 सीटों वाली विधानसभा के लिए मतदान 6 और 11 नवंबर को दो चरणों में होगा। मतगणना 14 नवंबर को होगी।

## मणिपुर के चुराचांदपुर में मुठभेड़, सुरक्षा बलों ने चार उग्रवादियों को किया ढेर, अन्य मौके से भागे

इंफाल 04 नवम्बर (एजेंसी)मणिपुर के चुराचांदपुर जिले में मंगलवार सुबह मुठभेड़ के दौरान सुरक्षा बलों ने एक प्रतिबंधित संगठन के कम से कम चार आतंकवादियों को मार गिराया। पुलिस ने यह जानकारी दी। एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि प्रतिबंधित संगठन यूनाइटेड कुकी नेशनल आर्मी (यूकेएनए) के हथियारबंद सदस्यों की मौजूदगी की सूचना के आधार पर जिले के हेंगलेप उप–मंडल के अंतर्गत खानपी गांव में सुबह लगभग साढ़े पांच बजे एक अभियान शुरू किया गया। यूकेएनए मणिपुर में शांति स्थापित करने के उद्देश्य से केंद्र, राज्य सरकार और उग्रवादी समूहों के बीच हुए समझौते का हिस्सा नहीं है। अधिकारी ने बताया कि अभियान के दौरान सेना के जवानों और उग्रवादियों के बीच भीषण गोलीबारी हुई। अधिकारी ने कहा, ''मुठभेड़ के दौरान कम से कम चार उग्रवादी मारे गए जबकि कई अन्य मौके से भाग गए।'' उन्होंने यह भी बताया कि मृतकों की पहचान अभी नहीं हो पाई है। रक्षा विभाग के एक बयान में भी कहा गया है कि चार नवंबर की सुबह उग्रवादियों ने चुराचांदपुर से लगभग 80 किलोमीटर पश्चिम में खानपी गांव में एक खुफिया–आधारित अभियान के दौरान सेना की टुकड़ी पर बिना किसी उकसावे के गोलीबारी की। बयान में कहा गया है कि सुरक्षा बलों और यूकेएनए के हथियारबंद सदस्यों के बीच हुई गोलीबारी में ''प्रतिबंधित समूह के चार काडर को मार गिराया गया''।

## नीतीश के गढ़ को भेदने उतरी जन सुराज और कांग्रेस, इन नेताओं के बीच मुकाबला

**बिहार में विधानसभा चुनाव 2025 का रंग चढ़ चुका है। वहीं इस बार के चुनाव में कुछ उम्मीदवार पहली बार किस्मत आजमा रहे हैं। तो वहीं कुछ प्रत्याशी ऐसे भी हैं, जो दशकों से चुनावी मैदान में डटे हुए हैं। बिहार की हरनौत विधानसभा सीट पर भी इस बार कांटे की टक्कर देखने को मिल रही है। हरनौत नालंदा जिले और लोकसभा क्षेत्र में आने वाला एक विधानसभा क्षेत्र है।**



नई दिल्ली04 नवम्बर (एजेंसी)बिहार की हरनौत सीट पर नीतीश कुमार की जनता दल यूनाइटेड का दबदबा रहा है और यह नीतीश कुमार की सीट है। साल 1977 और 1980 के चुनाव को छोड़ दें तो पिछले 8 विधानसभा चुनावों में इस सीट पर नीतीश कुमार की पार्टी ने जीत दर्ज की है। वहीं साल 2020 के विधानसभा चुनाव में इस सीट से जेडीयू के हरि नारायण सिंह ने बंपर जीत हासिल की थी। उन्होंने इस दौरान स्श्रच की ममता देवी को शिकस्त दी थी। वहीं कांग्रेस तीसरे नंबर पर रही थी। इसलिए इस सीट को नीतीश कुमार का गढ़ माना जाता है। निर्दलीय उम्मीदवारों के अलावा आज तक किसी दूसरे दल ने इस सीट से जीत नहीं हासिल की है।हरनौत विधानसभा सीट से नीतीश की जेडीयू ने अपने पुराने और सिटिंग विधायक हरि नारायण सिंह को चुनावी मैदान में उतारा है। वहीं प्रशांत किशोर की जन सुराज पार्टी ने यहां से पासवान समाज से आने वाले कमलेश पासवान पर भरोसा जताया है। वहीं कांग्रेस पार्टी ने इस सीट से अरुण कुमार बिंद को टिकट दिया है।इस विधानसभा सीट से हरि नारायण का चुनाव लड़ना इसलिए भी खास माना जा रहा है क्योंकि यह क्षेत्र सीएम नीतीश का गढ़ है। वहीं हरि नारायण सिंह की उम्मीदवार को भी जेडीयू की रणनीति का अहम हिस्सा माना जा रहा है।

## बिहार में पहले चरण के प्रचार के अंतिम दिन खूब चले चुनावी तीर

### नेताओं के बयानों से गर्मा गया चुनावी माहौल

**दरभंगा से लेकर समस्तीपुर और औरंगाबाद तक भाजपा-राजग की रैलियों में जनसैलाब उमड़ा। प्रधानमंत्री मोदी ने एनडीए की महिला कार्यकर्ताओं से बातचीत में कहा कि इस बार की रैलियों में अभूतपूर्व संख्या में महिलाएं पहुंच रही हैं× "मुझे पूरा विश्वास है कि बिहार में राजग की प्रचंड जीत होगी।**




नई दिल्ली04 नवम्बर (एजेंसी)बिहार में चुनावी रणभूमि गरमा चुकी है। पहले चरण के चुनाव प्रचार के अंतिम दिन प्रचार को और तेज धार देते हुए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव, दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता और असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्व सरमा ने पूरे दमखम से विपक्ष पर तीखे प्रहार करते हुए महागठबंधन को 'जंगलराज की वापसी का प्रतीक' बताया। वहीं राहुल गांधी ने जवाबी हमला करते हुए नीतीश कुमार को भाजपा का "रिमोट नियंत्रित मुख्यमंत्री" बताया।दरभंगा से लेकर समस्तीपुर और औरंगाबाद तक भाजपा–राजग की रैलियों में जनसैलाब उमड़ा। प्रधानमंत्री मोदी ने एनडीए की महिला कार्यकर्ताओंसे बातचीत मेंकहा कि इस बार की रैलियों में अभूतपूर्व संख्या में महिलाएं पहुंच रही हैंकृ "मुझे पूरा विश्वास है कि बिहार में राजग की प्रचंड जीत होगी। हमारी माताएं–बहनें 'लालू युग' के अत्याचार और असुरक्षा को फिर कभी लौटने नहीं देंगी।" उन्होंने महिला कार्यकर्ताओं से "अधिक से अधिक मतदान" सुनिश्चित करने का आह्वान किया। उधर, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने दरभंगा में गरजते हुए कहा कि "छह नवंबर को अगर जरा सी भी गलती हुई तो हत्या, लूट, अपहरण और वसूली फिर से बिहार की पहचान बन जाएगी।" शाह ने जनता से अपील की कि "लालू–राबड़ी के जंगलराज की वापसी रोकने के लिए 'कमल' का बटन दबाएं।" उन्होंने मिथिलांचल के विकास के लिए 26,000 करोड़ रुपये के निवेश की घोषणा करते हुए कहा कि "बाढ़ नियंत्रण से लेकर कोसी के पानी से सिंचाई तक, अब बिहार आत्मनिर्भर बनेगा।" दूसरी ओर, समस्तीपुर मेंउत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने विपक्ष पर सीधा वार करते हुए कहा, "अब बिहार में भी माफिया पर बुलडोजर चलेगा और उनकी संपत्ति गरीबों में बांटी जाएगी। यही सच्चा न्याय है।" योगी ने कहा कि बिहार को फिर से ज्ञान की भूमि बनाना है कृ "राजग सरकार विकास और विरासत का उत्कृष्ट संतुलन स्थापित कर चुकी है।" वहीं रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने वैशाली में कहा, "नीतीश कुमार पर भ्रष्टाचार का एक भी आरोप नहीं। इतने वर्षोंमें उनकी ईमानदारी बिहार के सुशासन की पहचान बन चुकी है।" उन्होंने कहा कि "संप्रग सरकार के समय बिहार को मात्र दो लाख करोड़ मिले थे, जबकि मोदी सरकार ने दस वर्षोंमें 15 लाख करोड़ रुपये दिए हैं।" दूसरी ओर, राहुल गांधी ने औरंगाबाद मेंनीतीश कुमार को भाजपा का 'ब्लॉक' बताते हुए कहा, "अब बिहार में नीतीश जी की सरकार कभी नहीं बनेगी। मोदी और शाह रिमोट से चैनल बदलते हैं नीतीश वही करते हैंजो दिल्ली से आदेश आता है।" राहुल ने भाजपा पर 'वोट चोरी' की साजिश का आरोप लगाया और कहा कि "युवाओं को बेरोजगारी से भटकाने के लिए मोदी रील्स और नशे की बात करते हैं।" बहरहाल, बिहार की सियासत एक बार फिर अपने निर्णायक मोड़ पर है। एक तरफ मोदी–शाह–योगी–राजनाथ का "विकास, सुशासन और आस्था" का मंत्र है तो दूसरी ओर राहुल गांधी का "वोट चोरी और रिमोट कंट्रोल" का आरोप। अब देखना यह है कि 6 नवंबर को जनता किसके 'बटन' पर विश्वास जताती हैकृ 'कमल' पर या श्महागठबंधनश की वापसी पर।

## बांके बिहारी मंदिर में ठाकुर जी के सामने चले लात-घूंसे, भिड़ गए पुलिसकर्मी और श्रद्धालु

वृंदावन 04 नवम्बर (एजेंसी)मथुरा के वृंदावन में मंगलवार सुबह श्री बांके बिहारी मंदिर में श्रद्धालुओं के एक समूह ने एक पुलिसकर्मी पर कथित तौर पर हमला किया। यह जानकारी पुलिस सूत्रों ने दी। पुलिस सूत्रों ने बताया कि मंदिर परिसर में भीड़ को नियंत्रित करने और व्यवस्था बनाए रखने के लिए तैनात हेड कांस्टेबल यागवेंद्र पर कुछ श्रद्धालुओं ने हमला कर दिया। घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर सामने आया है। अपर पुलिस अधीक्षक (नगर) राजीव कुमार सिंह ने कहा, कुछ श्रद्धालुओं ने मंदिर के अंदर ड्यूटी पर तैनात हेड कांस्टेबल यागवेंद्र पर हमला किया। यह घटना सीसीटीवी कैमरे में रिकार्ड हो गई है। मामला दर्ज करके आगे की कानूनी कार्रवाई की जा रही है।ष वृंदावन के प्रमुख तीर्थ स्थलों में से एक बांके बिहारी मंदिर में अक्सर श्रद्धालुओं की खासी भीड़ होती है।

## केंद्रीय मंत्री ललन सिंह पर दर्ज हुई एफआईआर, बोले- मेरे वीडियो से हुई छेड़छाड़

नई दिल्ली04 नवम्बर

पटना 04 नवम्बर (एजेंसी) बिहार विधानसभा चुनाव प्रचार के दौरान विपक्षी नेताओं के खिलाफ विवादित बयान देने को लेकर केंद्रीय मंत्री एवं जनता दल यूनाइटेड नेता राजीव रंजन सिंह उर्फ ललन सिंह के खिलाफ मंगलवार को एक प्राथमिकी दर्ज की गई। यह जानकारी पटना जिला प्रशासन ने दी।

वहीं इस वायरल वीडियो पर मंत्री ललन सिंह का कहना है कि उनके बयान के साथ छेड़छाड़ हुई है। उन्होंने ऐसा कोई बयान नहीं दिया है। बता दें कि ललन सिंह तब एक नए विवाद में फंस गए जब एक वीडियो सोशल मीडिया पर सामने आया, जिसमें वह राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) समर्थकों से कथित तौर पर यह कहते सुने जा सकते हैं कि मतदान के दिन विपक्षियों को घर से बाहर नहीं निकलने देना है।

पटना जिला प्रशासन ने एक पोस्ट में कहा, "वीडियो फुटेज की जांच जिला प्रशासन, पटना द्वारा की गई। जांच के बाद ललन सिंह उर्फ राजीव रंजन सिंह के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) और जन प्रतिनिधित्व अधिनियम की धाराओं के तहत एक प्राथमिकी दर्ज की गई है।" यह वीडियो मोकामा का बताया जा रहा है, जो ललन सिंह के मुंगेर लोकसभा क्षेत्र के अंतर्गत आता है। यहां ललन सिंह ने पार्टी प्रत्याशी अनंत सिंह का बचाव किया था, जो हाल ही में हत्या के एक मामले में गिरफ्तार हुए हैं। ललन सिंह के इस बयान के बाद विपक्षी दलों ने उन पर कड़ा हमला बोला है। वीडियो में ललन सिंह को मगही भाषा में यह कहते सुने जा सकते हैं "।

## बिलासपुर ट्रेन दुर्घटनाः यात्री-मालगाड़ी की भीषण टक्कर में 4 की मौत, कई घायल, बचाव कार्य जारी

***छत्तीसगढ़ के बिलासपुर जिले में मंगलवार को जयरामनगर स्टेशन के पास एक यात्री ट्रेन और मालगाड़ी की टक्कर हो गई। इस भीषण ट्रेन दुर्घटना में कम से कम चार लोगों की मौत हो गई और कई अन्य घायल हुए, जिसकी पुष्टि जिला कलेक्टर ने की है। बचाव व राहत दल घटनास्थल पर सक्रिय हैं और मृतकों की संख्या बढ़ने की आशंका है।***



नई दिल्ली04 नवम्बर (एजेंसी)छत्तीसगढ़ के बिलासपुर जिलेमेंमंगलवार को जयरामनगर स्टेशन के पास एक यात्री ट्रेन और एक मालगाड़ी के बीच टक्कर होनेसे कम से कम चार लोगों की मौत हो गई और कई अन्य घायल हो गए। प्रारंभिक जानकारी के अनुसार, यह टक्कर एक लोकल यात्री ट्रेन और एक मालगाड़ी के बीच हुई। जिला कलेक्टर संजय अग्रवाल ने इस दुर्घटना में लोगों के मारे जाने की पुष्टि की है, साथ ही उन्होंने यह भी कहा कि मृतकों की संख्या बढ़ने की संभावना है। यात्री ट्रेन कोरबा से बिलासपुर जा रही थी।घटनास्थल के वीडियो में कोरबा पैसेंजर ट्रेन का पहला डिब्बा टक्कर के कारण मालगाड़ी पर चढ़ता हुआ दिखाई दे रहा है। घटनास्थल के पास कई लोग जमा दिखाई दे रहे हैं जबकि अधिकारी बचाव अभियान चला रहे हैं। इस घटना में कई लोगों के हताहत होने की खबर है। अब तक दो लोगों की मौत की खबर है। बचाव और राहत दल मौके पर पहुँच गए हैं और घायलों की मदद और नुकसान का आकलन करने के प्रयास जारी हैं।

## छठ मैया पर सवाल उठा रहे युवराज!

### योगी का राहुल पर आस्था विरोधी राजनीति का आरोप

**योगी आदित्यनाथ ने राहुल गांधी पर छठ मैया पर सवाल उठाने का आरोप लगाया, जिसकी तुलना उन्होंने कांग्रेस द्वारा राम मंदिर पर उठाए गए सवालों से की। यह बयान राहुल गांधी के उस आरोप के बाद आया है जिसमें उन्होंने पीएम मोदी के यमुना में छठ पूजा स्नान को चुनावी ष्नाटकष और एक ×त्रिम तालाब का उपयोग बताया था, जिससे बिहार चुनाव में राजनीतिक बयानबाजी तेज हो गई है।**



लखनऊ 04 नवम्बर (एजेंसी)उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मंगलवार को कांग्रेस नेता राहुल गांधी की आलोचना करते हुए कहा कि जिस तरह कांग्रेस ने भगवान राम और राम मंदिर पर सवाल उठाए थे, उसी तरह उनके श्युवराजश अब छठी मैया पर सवाल उठा रहे हैं। समस्तीपुर में एक चुनावी रैली को संबोधित करते हुए, सीएम योगी ने कहा, ष्पीएम मोदी के नेतृत्व में बिहार में विकास हो रहा है। लेकिन आरजेडी और कांग्रेस के एजेंडे में बिहार का विकास नहीं है। जिस तरह कांग्रेस ने भगवान राम और राम मंदिर पर सवाल उठाए थे, उसी तरह कांग्रेस के श्युवराजश छठी मैया पर सवाल उठा रहे हैं। यह बयान लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी द्वारा दरभंगा में दिए गए उस बयान के बाद आया है जिसमें उन्होंने कहा था कि भाजपा ने ष्नाटकष किया और छठ पूजा के दौरान पीएम मोदी के स्नान के लिए एक अलग तालाब बनवाया। कांग्रेस नेता ने कहा, ष्प्रधानमंत्री मोदी ने कहा था कि वह छठ के लिए यमुना में स्नान करेंगे। यमुना का पानी गंदा है। अगर कोई इसे पी लेता, तो या तो बीमार हो जाता या मर जाता। कोई भी अंदर नहीं जा सकता। पानी इतना गंदा है कि अगर आप इसमें उतरते, तो बीमार हो जाते या संक्रमण हो जाता। लेकिन मोदी ने नाटक किया। उन्होंने वहाँ एक छोटा सा तालाब बनवा दिया। चुनाव में वे आपको कुछ भी दिखा देंगे। पीछे से एक पाइप लगाया जाता है। उसमें साफ पानी डाला जाता है। समस्या यह हुई कि किसी ने पाइप की तस्वीर ले ली।ष

इस बीच, बिहार में चुनावों में मुख्य मुकाबला राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन और महागठबंधन के बीच है।

## मतदान से पहले शाह ने लगाई वादों की झड़ी, कहा-जंगल राज' को रोकने के लिए दबाएं 'कमल' का बटन

दरभंगा 04 नवम्बर (एजेंसी) गृह मंत्री अमित शाह ने बिहार के मतदाताओं से मंगलवार को अपील की कि वे भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के चुनाव चिह्न 'कमल' वाला ईवीएम बटन दबाएं ताकि ''राजद (राष्ट्रीय जनता दल) के शासनकाल के दौरान रहे जंगल राज की वापसी को रोका जा सके जिसने राज्य को तबाह कर दिया था।'' शाह ने वादा किया कि अगर राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) सत्ता में लौटता है तो सरकार बाढ़ रोकने और कोसी नदी के पानी का इस्तेमाल सिंचाई के लिए करने पर 26,000 करोड़ रुपये खर्च करेगी। शाह ने दरभंगा में एक चुनावी रैली में कहा, ''लालू–राबड़ी के 15 साल के शासन में बिहार को तबाह करने वाले श्जंगल राजश की वापसी को रोकने के लिए कमल का बटन दबाएं।'' उन्होंने कहा, ''यदि आप छह नवंबर को मतदान के दिन कोई गलती करते हैं तो बिहार में हत्या, लूट, अपहरण और जबरन वसूली फिर से आम हो जाएगी।'' उन्होंने दावा किया कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में राजग ही बिहार को सर्वांगीण विकास की ओर ले जा सकता है।पूर्व भाजपा अध्यक्ष ने कहा, ''यदि बिहार में राजग सत्ता में फिर आता है तो मिथिलांचल में सिंचाई के लिए कोसी नदी के पानी का उपयोग और बाढ़ को रोकने के मकसद से कुल 26,000 करोड़ रुपये खर्च किए जाएंगे...बिहार में गंगा, कोसी और गंडक नदियों के पानी का उपयोग सिंचाई के लिए किया जाएगा।''

# सम्पादकीय

## बधाई और राजनीति एक साथ

राजनीति भी एक अलग ही चीज है। खुशी हो या गम, एक दूसरे की आलोचना का रास्ता निकाल ही लेती है। मैं नफीस जाफरी आपको यह बता दूं कि पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी और केन्द्र की एनडीए सरकार का नेतृत्व कर रही भाजपा का राजनीतिक विरोध किसी से छिपा नही है और दोनों ही दल एक दूसरे पर हमले का मौका खोज ही लेते हैं। ऐसा एक बार फिर हुआ। विदित हो कि विश्व कप जीतने पर भारतीय महिला क्रिकेट टीम को देश–विदेश यहां तक कि पड़ोसी देश पाकिस्तान से लगातार बधाइयां मिल रही हैं। बधाई देने वालों में पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी भी शामिल हैं। लेकिन उनकी बधाई पर राजनीति शुरू हो गई है। दरअसल भाजपा पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के एक पुराने बयान को लेकर तंज कस रही है। ममता ने बलात्कार की एक घटना के बाद लड़कियों को रात आठ बजे तक घर लौटने की सलाह दी थी। भाजपा इस बयान को लेकर उन पर निशाना साध रही है। बहरहाल, जहां तक मुख्यमंत्री ममता बनर्जी का सवाल है तो ममता बनर्जी ने सोशल मीडिया साइट एक्स पर लिखा,विश्व कप फाइनल में हमारे महिला टीम की उपलब्धि पर पूरे देश को गर्व है। उन्होंने टूर्नामेंट में जो संघर्ष दिखाया और नियंत्रण दिखाया वह युवा लड़कियों के प्रेरणा बनेगा। आपने साबित कर दिया है कि आप शीर्ष स्तर पर विश्वस्तरीय टीम हैं। आपने हमें कई बेहतरीन पल दिए। आप हमारे हीरो हैं। भविष्य में और भी बड़ी जीत आपका इंतजार कर रही हैं। हम आपके साथ हैं। तो वहीं दूसरी ओर पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री की इस बधाई पर भाजपा ने कहा, हे भगवान, वह तो 12 बजे तक खेल रहीं थीं, लेकिन आपने तो उन्हें आठ बजे तक घर आने के लिए कहा था।अब बात पाकिस्तान के पूर्व क्रिकेटरों की तो पाकिस्तान के पूर्व कप्तान वसीम अकरम ने भारतीय महिला टीम को बधाई देते हुए कहा, उन्होंने पूरी तरह खेल पर अपनी पकड़ बनाए रखी। बैटिंग, बॉलिंग चाहे फील्डिंग, उन्होंने तीनों क्षेत्रों में अपना वर्चस्व बना कर रखा। चाहे वो पहले बैटिंग करें या पहले फील्डिंग उन्होंने जीत हासिल की। ये टूर्नामेंट टीम इंडिया वर्सेज रेस्ट ऑफ वर्ल्ड था। जबकि दुनिया के सबसे तेज गेंदबाज शोएब अख्तर ने कहा, मुझे लगता है कि भारत की जीत कोई इत्तेफाक नहीं है। उनके क्रिकेट सिस्टम को देखें, उनकी तरक्की ऐसे ही नहीं है। यह उनकी वर्तमान परिस्थिति को दर्शाता है। बहुत बहुत मुबारक हो हिंदुस्तान को। आप बहुत अच्छा खेले। उनका बदलाव देखें, उनके कप्तान की नीयत देखें, उनके खेलने का अंदाज देखें। इसके बाद शोएब अख्तर ने टीम इंडिया की तरक्की और सफलता से पाकिस्तान को सीखने की नसीहत दी। उन्होंने कहा, एक वक्त होता था जब पाकिस्तान ऐसे खेलता था मगर अब इंडिया खेल रहा है। आता है एक टाइम_ जो देश नीचे जाते हैं वो ऊपर आते हैं। लेकिन ऐसा न हो कि जैसे वेस्टइंडीज खत्म हो गई है वैसे पाकिस्तान क्रिकेट भी खत्म हो जाए। मुझे बहुत दुख होता है कि हमारे साथ हॉकी और स्क्वॉश में ऐसा हो चुका है। वहां चीजें वापस पटरी पर नहीं आईं। अगर यही करते रहे हम तो क्रिकेट भी कहीं ऐसा न हो जाए कि कभी हम क्रिकेट खेलने वाले देश थे, ऐसा कहा जाए. वहीं हमारा पड़ोसी देश ऊपर जा रहा है।



नफीस जाफरी

# जी हां! हमारी बेटियों की तो यह अभी शुरुआत है



गुलफिशा खान

आईसीसी महिला वर्ल्ड कप 2025 की चैंपियन कौन है? जवाब सबके सामने आ गया है। प्रतिष्ठित टूर्नामेंट का फाइनल मुकाबला 02 नवंबर को भारत और दक्षिण अफ्रीका महिला टीम के बीच नवीं मुंबई में खेला गया। जहां फाइनल मुकाबले में भारतीय महिला टीम 52 रनों से बाजी में कामयाब रही। ऐतिहासिक जीत के बाद भारतीय महिला टीम की कप्तान हरमनप्रीत कौर काफी खुश नजर आईं। मैच के बाद उन्होंने कहा, मैं इस लाजवाब दर्शक–दीर्घा की आभारी हूं। पूरे टूर्नामेंट के दौरान हमारे साथ खड़े रहे। हमारे उतार–चढ़ाव में हमारे साथ बने रहे, जिसके लिए उनका धन्यवाद। आत्मविश्वास की हमारे अंदर कोई कमी नहीं थी। भले ही हमने लगातार तीन मैच गंवा दिए थे। मगर हम जानते थे कि हमारे अंदर कुछ खास है। जिससे हम स्थिति को पलट सकते हैं। पूरे टूर्नामेंट के दौरान टीम सकारात्मक रही। सबको पता था कि उन्हें करना क्या है। इस पल के लिए सभी ने दिन रात मेहनत की थी। वाकई में यह टीम इस मुकाम के लिए हकदार है। शेफाली वर्मा की सराहना करते हुए कप्तान ने कहा, जब लॉरा और सूने काफी अच्छी लय में बल्लेबाजी कर रहीं थीं। उसी दौरान मैंने शेफाली को मैदान में आत्मविश्वास के साथ खड़े देखा। मुझे यकीन हो गया आज का दिन हमारा है। मैंने अपने दिल की सुनी और मुझे लगा कि उसे एक ओवर देना चाहिए। वही हमारे लिए टर्निंग पॉइंट साबित हुई। उसको पूरा श्रेय जाता है। मैच के दौरान वह बेहद सकारात्मक रही और टीम के लिए हमेशा तैयार थी। कौर ने आखिर में कहा, यह तो बस शुरुआत है। हमारी अगली योजना इस जीत को आदत बनाने की है। हम काफी लंबे समय से इस पल का इंतजार कर रहे थे। वह पल आ गया है। आगे और भी बड़े मौके हमें मिलने वाले हैं। हम लगातार और ज्यादा बेहतर होना चाहते हैं। ये अंत नहीं, अभी तो शुरुआत है। जैसा कि उल्लेखनीय है कि भारतीय महिला क्रिकेट टीम ने विगत रविवार को मुंबई के डॉ. डीवाई पाटिल स्टेडियम में एक ऐतिहासिक उपलब्धि दर्ज की। हरमनप्रीत कौर की कप्तानी वाली टीम इंडिया ने आईसीसी विश्व कप के फाइनल में दक्षिण अफ्रीका को 52 रनों के विशाल अंतर से हराकर पहली बार वर्ल्ड कप ट्रॉफी पर कब्ज़ा किया। 52 साल के विश्व कप के




इतिहास में यह तीसरा मौका था जब भारतीय महिला टीम फाइनल में पहुंची थी और इस बार हरमन ब्रिगेड ने अपने शानदार प्रदर्शन से खिताब अपने नाम कर लिया। टीम की इस अविश्वसनीय सफलता से पूरे देश में जश्न का माहौल है। खुशी के इस गौरवशाली अवसर पर देश के सर्वोच्च नेतृत्व ने महिला टीम का अभिनंदन किया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, गृह मंत्री अमित शाह सहित देश के कई शीर्ष राजनेताओं ने देश की इन बेटियों को उनकी असाधारण जीत और देश को गौरवान्वित करने के लिए हार्दिक बधाई दी है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने एक्स पोस्ट में लिखा, आईसीसी महिला क्रिकेट विश्व कप 2025 के फाइनल में भारतीय टीम की शानदार जीत। फाइनल में उनका प्रदर्शन अद्भुत कौशल और आत्मविश्वास से भरा रहा। टीम ने पूरे टूर्नामेंट में असाधारण टीम वर्क और .ढ़ता दिखाई। हमारी खिलाड़ियों को बधाई. यह ऐतिहासिक जीत भविष्य की चैंपियन खिलाड़ियों को खेलों में भाग लेने के लिए प्रेरित करेगी। गृह मंत्री अमित शाह ने एक्स पोस्ट में कहा, विश्व विजेता टीम इंडिया को सलाम. यह देश के लिए एक गौरवशाली क्षण है, क्योंकि हमारी टीम आईसीसी महिला क्रिकेट विश्व कप 2025 जीतकर भारत का गौरव आसमान पर पहुंचा रही है। आपके शानदार क्रिकेट कौशल ने लाखों लड़कियों के लिए प्रेरणा का मार्ग प्रशस्त किया है। पूरी टीम को बधाई। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने एक्स पोस्ट में कहा, ऐतिहासिक विजय. विश्व विजेता भारतीय महिला क्रिकेट टीम का हार्दिक अभिनंदन! देश वासियों को हृदयतल से बधाई! आप सभी देश का गौरव हैं। भारत माता की जय। केंद्रीय .षि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने एक्स पोस्ट में लिखा, हमारी बेटियां चैंपियन हैं। बेटियों ने दिल भी जीता है और दुनिया भी। आईसीसी महिला क्रिकेट विश्व कप 2025 की यह जीत इस बात की गवाह है कि भारत की बेटियों की उड़ान आसमान से भी ऊंची है। साउथ अफ्रीका को हराकर भारत अब महिला क्रिकेट में भी विश्व विजेता बन गया है!. देशवासियों को बधाई. बेटियों को बधाई। बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने कहा, आईसीसी महिला क्रिकेट विश्व कप 2025 के फाइनल में भारतीय टीम की ऐतिहासिक एवं शानदार जीत पर हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं। फाइनल मुकाबले में टीम ने अद्भुत कौशल, आत्मविश्वास और उत्.ष्ट टीम भावना का परिचय दिया। पूरे टूर्नामेंट में खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए देश का गौरव बढ़ाया है। भारत की बेटियों की ये ऐतिहासिक जीत आने वाली पीढ़ियों को खेलों के प्रति प्रेरित करती रहेगी। विदेश मंत्री एस जयशंकर ने कहा, शविश्व चैंपियन! आईसीसी महिला क्रिकेट विश्व कप 2025 के फाइनल मैच में उनकी शानदार जीत के लिए बधाई। भारतीय क्रिकेट के लिए वाकई गर्व का क्षण। सचिन तेंदुलकर ने एक्स पोस्ट में लिखा, 1983 ने एक पूरी पीढ़ी को बड़े सपने देखने और उन्हें साकार करने के लिए प्रेरित किया। आज, हमारी महिला क्रिकेट टीम ने सचमुच कुछ खास किया है। उन्होंने देश भर की अनगिनत युवा लड़कियों को बल्ला और गेंद उठाकर मैदान में उतरने और यह विश्वास करने के लिए प्रेरित किया है कि वे भी एक दिन ट्रॉफी उठा सकती हैं। यह भारतीय महिला क्रिकेट के सफर का एक निर्णायक क्षण है। शाबाश, टीम इंडिया। आपने पूरे देश को गौरवान्वित किया है।

# केरल की बड़ी उपलब्धि, ग़रीबी से हुआ मुक्त



शबाब हुसैन

भारत के पहले पूर्ण साक्षर राज्य केरल के खाते में एक और उपलब्धि जुड़ गई है। केरल भारत का पहला अत्यधिक गरीबी मुक्त राज्य बन गया है। मुख्यमंत्री पिनराई विजयन ने केरल पिरवी दिवस पर विधानसभा में यह घोषणा की। केरल भारत का पहला ऐसा राज्य बन गया है, जिसने अपने यहां घोर गरीबी को पूरी तरह खत्म करने का दावा किया है। केरल ने 64 हजार लोगों को बेहद गरीबी से बाहर निकालकर ये उपलब्धि हासिल की है। विश्व बैंक के हालिया आंकड़ों में बताया गया था कि भारत में पिछले 11 साल में 27 करोड़ से ज्यादा लोग गरीबी से बाहर आए हैं। लेकिन क्या आपको पता है कि देश का सबसे गरीब राज्य कौन सा है? देश में जब गरीबी की बात आती है तो एक नाम सबके जेहन में उभरता है – बिहार। बिहार की यह इमेज पिछले कई दशकों से बनी हुई है। वित्त मंत्रालय की तरफ से जुलाई 2025 में लोकसभा में पेश रिपोर्ट में बताया गया था कि बिहार देश का सबसे गरीब राज्य बना हुआ है। बहरहाल, भारत आर्थिक मोर्चे पर दिन दूनी रात चौगुनी तरक्की कर रहा है। भारत दुनिया की चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन चुका है और सरकार का कहना है कि अगले दो साल में जर्मनी को पछाड़कर भारत तीसरी सबसे बड़ी इकोनमी बनने की उपलब्धि हासिल कर लेगा। लेकिन इसके बावजूद भारत में बड़ी संख्या लोग अब भी गरीबी में जीवन व्यतीत कर रहे हैं। विश्व बैंक की अक्तूबर 2025 की रिपोर्ट कहती है कि भारत में अत्यधिक गरीबी में रहने वाले लोगों की संख्या 2011–12 में 27.1 प्रतिशत थी, जो 2022–23 में घटकर महज 5.3 प्रतिशत रह गई। इस दौरान करीब 27 करोड़ से अधिक लोगों को अत्यधिक गरीबी से बाहर निकाला गया। वित्त राज्य मंत्री पंकज चौधरी ने राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय द्वारा जारी 2023–24 के ळक्च् अनुमानों पर आधारित आंकड़ों के आधार पर लोकसभा में बताया था कि देश की औसत प्रति व्यक्ति राष्ट्रीय आय 1,14,710 रुपये है और बिहार में हर व्यक्ति की औसतन सालाना कमाई सिर्फ 32,227 रुपये है। इस मामले में बिहार के बाद नीचे से उत्तर प्रदेश (50,341 रुपये) और झारखंड (65,062 रुपये) का नंबर आता है। मंत्रालय ने बताया था कि गोवा देश का सबसे अमीर राज्य है। गोवा में प्रति व्यक्ति सालाना आमदनी 3,57,611 रुपये है, जो देश में सबसे ज्यादा है। इसके बाद सिक्किम (2,92,339 रुपये), दिल्ली (2,71,490 रुपये), चंडीगढ़ (2,56,912 रुपये) और पुडुचेरी (1,45,921 रुपये) का नंबर आता है। ये पांचों राज्य और केंद्र शासित प्रदेश प्रति व्यक्ति कमाई के मामले में सबसे आगे हैं।

अब सबके मन में सवाल ये है कि केरल ने आखिर ऐसा क्या किया कि अत्यधिक गरीबी को खत्म कर दिया। इसके पीछे मुख्य रूप से सरकार के 4 फॉर्मूले हैं। जिस पर डालते हैं एक नजर मुख्यमंत्री विजयन ने विधानसभा में बताया कि भारत का पहला अत्यधिक गरीबी मुक्त राज्य बनने की उपलब्धि 2021 में दूसरी बार सत्ता में आई एलडीएफ सरकार की पहली कैबिनेट बैठक में लिए गए निर्णय का नतीजा है। उन्होंने इस उपलब्धि के लिए अत्यधिक गरीबी उन्मूलन कार्यक्रम के अलावा जनभागीदारी, स्थानीय निकायों और सरकारी विभागों के समन्वित प्रयासों को श्रेय दिया। केरल सरकार ने सबसे पहले अत्यधिक गरीबी से जूझ रहे लोगों की पहचान की। इसके लिए ये पैमाने तय किए गए– जो किसी भी सरकारी लाभ योजना के दायरे में नहीं आते। जिनके पास आय का कोई स्थायी स्रोत या आश्रय नहीं है। जो गंभीर स्वास्थ्य समस्याओं से पीड़ित हैं। जो सोशल सिक्योरिटी सिस्टम से पूरी तरह वंचित हैं। ऐसे लोगों की पहचान के लिए व्यापक अभियान चलाया गया। आशा कार्यकर्ताओं, एनजीओ और सिविल सोसाइटी नेटवर्क की भी मदद ली गई। इसके जरिए 1.18 लाख गरीब परिवारों में से 64,006 अत्यधिक परिवारों की पहचान की गई।

इन्हें गरीबी से निकालने के लिए हर परिवार के लिए अलग कैटिगरी वाइज माइक्रो प्लान बनाए गए। अल्पकालिक, मध्य कालिक और दीर्घकालिक सहायता योजनाएं तैयार की गईं। इन परिवारों के लिए नियमित भोजन, घर–मकान, स्वास्थ्य देखभाल, दवाएं–इंश्योरेंस की व्यवस्था की गई। बच्चों को स्कॉलरशिप, पढ़ाई की चीजें और मुत यात्रा पास दिए गए। मनरेगा जॉब कार्ड के तहत रोजगार सुनिश्चित किया गया। जिनके पास पहचान का कोई दस्तावेज नहीं था। उन्हें राशन कार्ड, आधार और पेंशन योजनाओं से जोड़ा गया। सीएम विजयन ने सदन में बताया कि करीब 62 लाख परिवारों को कल्याणकारी पेंशन, लगभग 4.70 लाख बेघर परिवारों को घर, लगभग 6,000 सार्वजनिक स्वास्थ्य केंद्र स्थापित करने, 43 लाख परिवारों को मुत स्वास्थ्य बीमा और चार लाख परिवारों को जमीन उपलब्ध कराने जैसे उपायों से केरल में अत्यधिक गरीबी की सीमा और तीव्रता को काफी हद तक कम करने में मदद मिली। राज्य सरकार ने इस अभियान पर 1,000 करोड़ रुपये से अधिक खर्च किए। 2025–26 के बजट में 60 करोड़ रुपये का अतिरिक्त प्रावधान इस मिशन के लिए किया गया। इस तरह लगातार प्रयास करके लोगों को अत्यधिक गरीबी से बाहर निकाला गया। केरल को अत्यधिक गरीबी से मुक्त करने का सीएम का दावा भी विवादों में घिर गया है। कांग्रेस की अगुआई वाले संयुक्त लोकतांत्रिक मोर्चा (यूडीएफ) ने सरकार के दावे को फ्रॉड करार दिया है। इसके विरोध में विधानसभा की कार्रवाई का बॉयकॉट भी किया। इसका जवाब देते हुए सीएम विजयन ने कहा कि हम सिर्फ वही कहते हैं जो हम लागू कर सकते हैं। हमने राज्य को अत्यधिक गरीबी से मुक्त करने की बात कही थी, अब वह काम कर दिखाया है। विपक्ष को हमारा यही जवाब है।



# देव दीपावली पर हुआ था त्रिपुरासुर का वध

कार्तिक कृष्ण पक्ष की अमावस्या



को हमारे देश में दीपावली मनायी जाती है। मान्यता है कि इसी दिन मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान राम रावण का वध कर सीता और लक्ष्मण के साथ अयोध्या वापस आये थे। श्रीराम के 14 वर्ष के वनवास की अवधि भी इसी तिथि को समाप्त हुई थी। इस खुशी में अयोध्या के निवासियों ने घर से लेकर बाहर तक घी के दीपक जलाए थे। दीपावली की परम्परा वहीं से प्रारंभ मानी जाती है। इस दीपावली के साथ ही कार्तिक शुक्ल पक्ष की पूर्णिमा को देवता दीपावली मनाते हैं। इसे देव दीपावली कहा जाता है। पौराणिक आख्यानों के अनुसार भगवान शिव ने कार्तिक पूर्णिमा के दिन ही त्रिपुरासुर का वध किया था। काशी (वाराणसी) को भगवान शिव की सबसे प्रिय नगरी माना जाता है। इसलिए वाराणसी में देव दीपावली बहुत ही धूमधाम से मनायी जाती है। इस दिन गंगा के तट पर भव्य रूप से आरती होती है और घाटों को दीपों से जगमग किया जाता है। उत्तर प्रदेश में जब से योगी आदित्यनाथ की सरकार स्थापित हुई है तब से अयोध्या में दीपावली और काशी में देव दीपावली बहुत ही भव्य रूप में मनायी जाती है। इस बार देव दीपावली 5 नवम्बर बुधवार को मनायी जाएगी। इस दिन शुभ मुहूर्त भी बन रहे हैं।

देव दिवाली का त्योहार हर साल कार्तिक पूर्णिमा के दिन मनाया जाता है। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार, इस दिन देवता धरती पर आते हैं और दिवाली मनाते हैं। इसलिए इसे देव दिवाली कहा जाता है। देव दिवाली की पौराणिक कथा भगवान शिव और त्रिपुरासुर राक्षस से जुड़ी है। इस कथा का जिक्र महाभारत के कर्णपर्व में मिलता है। महाभारत के कर्णपर्व में वर्णित कथा के अनुसार, तारकासुर नामक राक्षस के 3 पुत्र थे– तारकाक्ष, कमलाक्ष और विद्युन्माली इन्हें एक साथ त्रिपुरासुर कहा जाता है। जब कार्तिकेय ने देवताओं के साथ मिलकर तारकासुर का वध किया तो तारकासुर के तीनों पुत्रों–तारकाक्ष, कमलाक्ष और विद्युन्माली ने देवताओं से बदला लेने की ठानी। इन तीनों ने कठोर तपस्या के बाद ब्रह्मा जी को प्रसन्न किया, जिसके बाद वर के रूप में ब्रह्मा जी से इन्होंने अमरता का वरदान मांगा। ब्रह्मा जी ने अमरता का वरदान को छोड़कर कुछ भी मांगने की बात कही। इस पर तीनों भाइयों ने एक ऐसा वर मांगा जिससे उनकी मृत्यु असंभव हो जाए। उन्होंने कहा कि जब हम तीनों एक ही पंक्ति में हों, अभिजीत नक्षत्र हो और एक ही तीर से हमें कोई मारे तभी हमारी मृत्यु हो। ब्रह्मा जी ने उन्हें ये वरदान प्रदान किया।

इसके बाद त्रिपुरासुर यानि तारकाक्ष, कमलाक्ष और विद्युन्माली ने तीनों लोकों में हाहाकार मचा दिया। त्रिपुरासुर की यातनाओं से देवता, ऋषि–मुनि और मनुष्य त्राहिमाम करने लगे। अंत में सब लोग भगवान शिव के पास मदद मांगने पहुंचे। भगवान शिव न त्रिपुरासुर का वध करने का प्रण लिया। इसके बाद भगवान शिव ने पृथ्वी को अपना रथ बनाया, सूर्य और चंद्रमा को इस रथ का पहिया बनाया गया, मेरू पर्वत धनुष बना और वासुकी नाग धनुष की डोर। इसके बाद अभिजीत नक्षत्र में भगवान शिव ने बाण बने भगवान विष्णु के जरिए त्रिपुरासुर यानि तारकाक्ष, कमलाक्ष और विद्युन्माली का वध किया और तीनों लोकों को इनके आंतक से मुक्त करवाया।

भगवान शिव ने कार्तिक पूर्णिमा के दिन त्रिपुरासुर का वध किया था और इसलिए देवताओं ने इस दिन काशी में दीप दान कर दिवाली मनाई थी। इसी लिए कार्तिक पूर्णिमा को देव दिवाली आज भी मनाई जाती है, माना जाता है कि आज भी देवता कार्तिक पूर्णिमा पर देव दिवाली मनाते हैं। वहीं त्रिपुरासुर का वध करने की वजह से भगवान शिव का एक नाम त्रिपुरारी भी है और इसलिए कार्तिक पूर्णिमा को त्रिपुरारी पूर्णिमा भी कहा जाता। देव दिवाली पर गंगा, यमुना के घाटों पर आज भी लोग दीप दान करते हैं। कार्तिक पूर्णिमा इस साल 5 नवंबर को है। इस दिन चंद्रमा मेष राशि में विराजमान रहेंगे और शुक्र स्वराशि तुला में रहेंगे। ऐसे में चंद्रमा और शुक्र के बीच समसप्तक योग बनेगा, क्योंकि दोनों ग्रह एक दूसरे से सातवें भाव में होंगे। समसप्तक योग के बनने से राशिचक्र की कुछ राशियों को लाभ की प्राप्ति हो सकती है, इन राशियों की किस्मत चमक सकती है। मेष राशि–चंद्रमा और शुक्र का समसप्तक योग का बनना आपको भावनात्मक रूप से मजबूत करेगा। आपको वैवाहिक जीवन में सुख की प्राप्ति होगी। किस्मत का साथ आपके साथ रहेगा जिससे करियर क्षेत्र में ऊंचाइयां इस दौरान आप प्राप्त कर सकते हैं। इस राशि के कुछ विवाह योग्य लोगों को मनचाहा जीवनसाथी मिल सकता है।

मिथुन राशि–कार्तिक पूर्णिमा के दिन समसप्तक योग के बनने से पारिवारिक जीवन में बेहद शुभ परिणाम मिथुन राशि वालों को मिल सकते हैं। घर के लोगों के साथ कहीं घूमने भी आप निकल सकते हैं। इस राशि के जो लोग कला, लेखन, गायन के क्षेत्र में हैं उन्हें बड़ी उपलब्धि मिलने की संभावना है। भाग्य का भी पूरा सहयोग आपको प्राप्त होगा। धन–धान्य में भी वृद्धि के योग हैं। तुला राशि–आपके व्यक्तित्व का आकर्षण लोगों को आपकी ओर खींचेगा। कुछ सिंगल लोग इस दौरान मिंगल कर सकते हैं। कारोबारियों को धन लाभ मिलने के योग हैं। आप अपनी योग्यता का लोहा कार्यक्षेत्र में मनवा सकते हैं। कुछ लोगों को भाग्य का साथ मिलेगा और उच्च पद की प्राप्ति हो सकती है। हालांकि इस राशि के जातकों को अत्यधिक भावुक होने से बचना होगा नहीं तो काम बिगड़ सकते हैं। धनु राशि–कार्तिक पूर्णिमा और इसके बाद का समय आपके लिए गेम चेंजर शामिल हो सकता है। अचानक से करियर के क्षेत्र में सकारात्मक बदलाव आएंगे। बड़े पदों पर आप पहुंच सकते हैं। सेहत में भी अच्छे बदलाव देखने को आपको मिलेंगे। भौतिक सुखों की आपको प्राप्ति हो सकती है। हिंदू पंचांग के अनुसार, कार्तिक माह की पूर्णिमा तिथि 4 नवंबर 2025 को रात 10 बजकर 36 मिनट से शुरू होकर 5 नवंबर को शाम 6 बजकर 48 मिनट पर समाप्त होगी। तिथि के अनुसार, देव दीपावली का पर्व 5 नवंबर बुधवार को मनाया जाएगा। इस दिन पूजा का शुभ मुहूर्त शाम 5.15 बजे से 7.50 बजे तक रहेगा। इसी समय में भगवान शिव, विष्णु और मां गंगा की आराधना करना बहुत ही शुभ फलदायी माना गया है।देव दीपावली पर दीपदान का विशेष महत्व है। देव दीपावली के दिन दीपदान को बहुत ही पुण्यकारी माना गया है।

# गुरुनानक ने दी धर्म को नयी

सिख धर्म के संस्थापक नानक देव जी ने धर्म को नयी परिभाषा दी थी और अंधविश्वास का विरोध किया। उन्होंने अपने अनुयाइयों को बताया कि ईश्वर एक है और सदैव उसी की उपासना करनी चाहिए। सर्वशक्तिमान ईश्वर की उपासना करने वाले को किसी का भय नहीं सताता है। उन्होंने अपने अनुयाइयों को शिक्षा दी थी कि सभी स्त्री–पुरुष समान हैं। भोजन शरीर को जिंदा रखने के लिए लेकिन इसके लिए लोभ–लालच और संग्रह नहीं करना चाहिए। पहली बार गुरु नानकदेव ने निस्वार्थ सेवा को वास्तविक लाभ बताया और इसी के चलते सिख समारोहों में लंगर का प्रचलन हुआ था जो आज भी जारी है। नानकदेव जी का जन्म वर्तमान के पाकिस्तान में पंजाब में राबी नदी के तट पर तलबड़ी नामक गांव में हुआ था। वहां एक गुरुद्वारा आज भी बना है जहां भारत से सिख दर्शन–पूजन करने जाते हैं। हर साल कार्तिक मास की पूर्णिमा पर गुरु नानक जयंती मनाई जाती है। इस बार 5 नवम्बर को कार्तिक पूर्णिमा मनायी जा रही है।धार्मिक कट्टरता के वातावरण में उदित गुरु नानक ने धर्म को उदारता की एक नई परिभाषा दी। उन्होंने अपने सिद्धान्तों के प्रसार हेतु एक संन्यासी की तरह घर का त्याग कर दिया और लोगों को सत्य और प्रेम का पाठ पढ़ाना आरंभ कर दिया। उन्होंने जगह–जगह घूमकर तत्कालीन अंधविश्वासों, पाखन्डों आदि का जमकर विरोध किया। वे हिन्दू–मुस्लिम एकता के समर्थक थे। धार्मिक सदभाव की स्थापना के लिए उन्होंने सभी तीर्थों की यात्राएं की और सभी धर्मों के लोगों को अपना शिष्य बनाया। उन्होंने हिन्दू धर्म और इस्लाम, दोनों की मूल एवं सर्वोत्तम शिक्षाओं को सम्मिश्रित करके एक नए धर्म की स्थापना की जिसके मूलाधार थे प्रेम और समानता। यही बाद में सिख धर्म कहलाया। भारत में अपने ज्ञान की ज्योति जलाने के बाद उन्होंने मक्का मदीना की यात्रा की और वहां के निवासी भी उनसे अत्यंत प्रभावित हुए। 25 वर्ष के भ्रमण के पश्चात् नानक कर्तारपुर में बस गये और वहीं रहकर उपदेश देने लगे। उनकी वाणी आज भी 'गुरु ग्रंथ साहिब' में संगृहीत है। सन् 1485 ई. में नानक का विवाह बटाला निवासी, मूला की कन्या सुलक्खनी से हुआ। उनके वैवाहिक जीवन के सम्बन्ध में बहुत कम जानकारी है। 28 वर्ष की अवस्था में उनके बड़े पुत्र श्रीचन्द का जन्म हुआ। 31 वर्ष की अवस्था में उनके द्वितीय पुत्र लक्ष्मीदास अथवा लक्ष्मीचन्द उत्पन्न हुए। गुरु नानक के पिता ने उन्हें कृषि, व्यापार आदि में लगाना चाहा किन्तु उनके सारे प्रयास निष्फल सिद्ध हुए। घोड़े के व्यापार के निमित्त दिये हुए रुपयों को गुरु नानक ने साधुसेवा में लगा दिया और अपने पिताजी से कहा कि यही सच्चा व्यापार है।

नवम्बर, सन् 1504 ई. में उनके बहनोई जयराम (उनकी बड़ी बहिन नानकी के पति) ने गुरु नानक को अपने पास सुल्तानपुर बुला लिया। नवम्बर, 1504 ई. से अक्टूबर 1507 ई. तक वे सुल्तानपुर में ही रहें। बहनोई जयराम के प्रयास से वे सुल्तानपुर के गवर्नर दौलत खां के यहां मादी रख लिये गये। उन्होंने अपना कार्य अत्यन्त ईमानदारी से पूरा किया। वहां की जनता तथा वहां के शासक दौलत खां नानक के कार्य से बहुत सन्तुष्ट हुए। वे अपनी आय का अधिकांश भाग गरीबों और साधुओं को दे देते थे। कभी–कभी वे पूरी रात परमात्मा के भजन में व्यतीत कर देते थे। मरदाना तलवण्डी से आकर यहीं गुरु नानक का सेवक बन गया था और अन्त तक उनके साथ रहा। गुरु नानक देव अपने पद गाते थे और मरदाना रवाब बजाता था। राय बुल्लर ने सबसे पहले गुरु नानक की दिव्यता को समझा और उससे खुश होकर नानक को पाठशाला में रखा। नानक के गुरु उ स क ी आध्यात्मिक काव्य रचनाओ को सुनकर चकित रह गये। जब नानक को हिन्दू धर्म के पवित्र जनेऊ समारोह से गुजरने की बारी आयी तो उन्होंने उसमे भाग लेने से मना कर दिया। उन्होंने कहा कि उनका जनेऊ दया, संतोष, संयम से बंधा और सत्य का बुना होगा जो न जल सकेगा, न मिट्टी में मिल सकेगा, न खो पायेगा और न कभी घिसेगा।

नानक देव के पिता कालू ने नानक को व्यापार के धंधे में लगा दिया। नानक ने व्यापारी बनकर कमाई के धन से भूखों को भोजन खिलाना शुरू कर दिया तभी से लंगर का इतिहास शुरू हुआ था। नानक को व्यापार के लिए उनके पिता ने भेजा तो उनको 20 रूपये देकर इन पैसो से फायदा कमाने को कहा। रास्ते में उनको साधुओ और गरीब लोगों का समूह मिला तो उन्होंने उन पैसो से उनके लिए भोजन और कपड़ों की व्यवस्था की। नानक जब घर खाली हाथ लौटे तो उनके पिता ने उनको सजा दी। गुरु नानक देव ने निस्वार्थ सेवा को असली लाभ बताया। इसी वजह से लंगर की शुरुआत हुई।



गुरूनानक देव जी ने अपने अनुयायियों को जीवन के दस सिद्धांत दिए थे। इनमें पहला था ईश्वर एक है। सदैव एक ही ईश्वर की उपासना करो। जगत का कर्ता सब जगह और सब प्राणी मात्र में मौजूद है। सर्वशक्तिमान ईश्वर की भक्ति करने वालों को किसी का भय नहीं रहता। ईमानदारी से मेहनत करके उदरपूर्ति करना चाहिए। बुरा कार्य करने के बारे में न सोचें और न किसी को सताएँ। सदा प्रसन्न रहना चाहिए। ईश्वर से सदा अपने को क्षमाशीलता माँगना चाहिए। मेहनत और ईमानदारी से कमाई करके उसमें से जरूरतमंद को भी कुछ देना चाहिए। सभी स्त्री और पुरुष बराबर हैं। भोजन शरीर को जिंदा रखने के लिए जरूरी है पर लोभ–लालच व संग्रहवृत्ति बुरी है।

बताते हैं सुल्तानपुर लोधी (कपूरथला) जब एक बार गुरु नानक अपने सखा मर्दाना के साथ वैन नदी के किनारे बैठे थे तो अचानक उन्होंने नदी में डुबकी लगा दी और तीन दिनों तक लापता हो गए, जहाँ पर उन्होंने ईश्वर से साक्षात्कार किया। सभी लोग उन्हें डूबा हुआ समझ रहे थे, लेकिन वे वापस लौटे तो उन्होंने कहा– एक ओंकार सतिनाम। गुरु नानक ने वहाँ एक बेर का बीज बोया, जो बाद में बहुत बड़ा वृक्ष बन गया है।उन्होंने करतारपुर नामक एक नगर बसाया, जो कि अब पाकिस्तान में है और एक बड़ी धर्मशाला उसमें बनवाई। इसी स्थान पर 22 सितम्बर 1539 ईस्वी को इनका परलोक वास हुआ। मृत्यु से पहले उन्होंने अपने शिष्य भाई लहना को अपना उत्तराधिकारी घोषित किया जो बाद में गुरु अंगद देव के नाम से जाने गए।

# आदर्श व्यापार मंडल गर्ग गुट के जिलाध्यक्ष बने अनिल गौतम



न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। आदर्श व्यापार मंडल गर्ग गुट की बैठक राष्ट्रीय अध्यक्ष प्रदीप गर्ग के निर्देशन में आहूत की गई। जिसमें जिलाध्यक्ष, महामंत्री एवं कोषाध्यक्ष का चयन आपसी सहमति से किया गया।

अध्यक्ष पद पर अनिल सिंह गौतम, महामंत्री अनिल अग्निहोत्री एवं कोषाध्यक्ष पद पर साजन गुप्ता को मनोनीत किया गया। राष्ट्रीय महामंत्री कालीशंकर श्रीवास्तव ने आशीर्वाद व शुभकामनाएं देते हुए एक माह के अंदर कमेटी गठन करने के निर्देश दिए। राष्ट्रीय अध्यक्ष प्रदीप गर्ग ने कहा कि काफी दिनों से कंपनियों की मनमानी चल रही है। वितरकों का उत्पीड़न हो रहा है। एक ब्रांड के तीन–तीन डिस्ट्रीब्यूटर बनाए जा रहे हैं। जिसे कतई बर्दाश्त नहीं किया जाएगा और ऐसी कंपनियों का बहिष्कार किया जाएगा। सबक सिखाते हुए जनपद में माल नहीं बिकने दिया जाएगा। इस मौके पर विजय साहू, अनिल अग्िहोत्री, अभिनव यादव, अमित शरन बाबी, बबला सोनी, अमित सोनी, राजीव पुरवार, अभय गुप्ता, रामजी भी मौजूद रहे।

# स्व0 हरिओम बाल्मीकि की कैंसर पीड़ित बहन का उपचार शुरू

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। पिछले दिनों तुराबअली का पुरवा निवासी हरिओम बाल्मीकि




की रायबरेली में हत्या होने के उपरांत मृतक के घर पहुंचे राहुल गांधी ने मृतक की कैंसर से पीड़ित बहन सुमन सागर का स्वयं उपचार कराने का वादा किया था। आज उसी क्रम में राहुल गांधी के निर्देशानुसार कांग्रेस के शहर अध्यक्ष मो. आरिफ गुड्डा व जिला उपाध्यक्ष कलीम उल्ला सिद्दीकी पीड़ित सुमन सागर को साथ लेकर कल्याण सिंह सुपर स्पेशलिटी कैंसर इंस्टीट्यूट लखनऊ पहुंचे जहां डाक्टरों ने आवश्यक जांच कर उपचार शुरू कर दिया।

शहर अध्यक्ष मो. आरिफ गुड्डा ने पत्रकारों को बताया कि पीड़ित के उपचार में कोई कसर नहीं छोड़ी जाएगी साथ ही सक्षम डाक्टरों से परामर्श भी किया जा रहा है। इसलिए जहां भी आवश्यक होगा वहां लेकर जाया जाएगा। अभी डाक्टरों ने जांच कराया है जिसकी रिपोर्ट एक हते बाद मिलेगी जिसके अनुसार आगे का उपचार किया जाएगा। इसके अतिरिक्त जो भी आवश्यक होगा उसकी पूर्ति की जाएगी।

# शिक्षा में प्रौद्योगिकी का प्रयोग विषय पर हुआ सेमिनार



न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान (डायट) में प्राचार्या एवं उप शिक्षा निदेशक आरती गुप्ता के निर्देशन में शिक्षा में प्रौद्योगिकी का प्रयोग विषय पर एक दिवसीय सेमिनार का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारम्भ सेवारत प्रशिक्षण प्रभारी एवं सेमिनार नोडल विनय मिश्र, प्रवक्ता अतुल कुमार, वीणा सिंह, डाली सिंह एवं अतिथि वक्ताओं द्वारा माँ सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण व दीप प्रज्जवलन से हुआ।

मुख्य वक्ता डॉ. आशुतोष तिवारी, डीन पीजी रिसर्च राजकीय इंजीनियरिंग कॉलेज बाँदा ने वर्चुअल लैब व एनपीटीईएल जैसे प्लेटफॉर्म के माध्यम से तकनीकी शिक्षा के अवसरों पर विस्तार से चर्चा की। वहीं कन्वेजिनियस संस्था के प्रोग्राम मैनेजर शुभम मिश्र ने शिक्षा में एआई की भूमिका पर रोचक प्रस्तुति दी। विज्ञान प्रवक्ता अतुल कुमार ने आईसीटी व डिजिटल टूल्स के व्यावहारिक उपयोग पर प्रकाश डाला। एसआरजी राधेश्याम दीक्षित व जनपद के शिक्षकों विपिन त्रिपाठी, कौशल कुमार अंकुर, आनंद कुमार मिश्र, हनुमंत प्रताप सिंह व विवेक पाण्डेय ने विषय पर अपने शोधपत्र प्रस्तुत किए। अंत में सेमिनार प्रभारी विनय मिश्र ने सभी वक्ताओं को स्मृति चिन्ह व प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया। कार्यक्रम का संचालन प्रवक्ता वीणा सिंह ने किया। सेमिनार में एआरपी, पीएमश्री विद्यालयों व केजीबीवी की शिक्षिकाओं सहित अनेक शिक्षक उपस्थित रहे।

# आयोग की सदस्य के समर्थन में उतरा महासंघ

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। राज्य महिला आयोग की सदस्य अंजू प्रजापति पर दर्ज हुए मुकदमें के विरोध में मंगलवार को अखिल भारतीय प्रजापति (कुंभकार) महासंघ के पदाधिकारियों ने कलेक्ट्रेट पर प्रदर्शन किया तत्पश्चात मुख्यमंत्री को संबोधित एक ज्ञापन भेजकर दर्ज मुकदमे को वापस लिए जाने की मांग की।

महासंघ के जिला मुख्य महासचिव अंकित कुमार प्रजापति की अगुवई में पदाधिकारी कलेक्ट्रेट पहुंचे और सीएम को संबोधित एक ज्ञापन सौंपकर बताया कि राज्य महिला आयोग की सदस्य अंजू प्रजापति एक ईमानदार, सरल स्वभाव व निष्पक्ष जनसेविका हैं। उनके कार्यकाल में महिलाओं की समस्याओं के निवारण हेतु अनेक जनसुनवाई शिविर आयोजित किए गए हैं। जहां जिले के कोने–कोने से महिलाएं अपनी फरियाद लेकर आती हैं। उन्हें सुलभ निःशुल्क व त्वरित न्याय प्राप्त होता है। महिला जनप्रतिनिधि के विरूद्ध लगाए गए सभी आरोप पूर्णतः निराधार, असत्य व बेबुनियाद हैं। यह केवल उनकी सामाजिक छवि को धूमिल करने का प्रयास है। मांग किया कि आयोग की सदस्य पर दर्ज किया गया मुकदमा तत्काल वापस लिया जाए। इस मौके पर अवधेश प्रजापति, महेश चन्द्र प्रजापति, राजू प्रजापति, रमेश प्रजापति, गंगा प्रसाद प्रजापति, प्रशांत कुमार प्रजापति, राम प्रकाश प्रजापति, अनुज कुमार, रामबहादुर, अरविन्द्र प्रजापति एडवोकेट, मनोज कुमार प्रजापति, आदि प्रजापति, संगीता प्रजापति भी मौजूद रहे।

# उद्योग व्यापार मंडल ने डीएम को सौंपा ज्ञापन

## - किशनपुर कस्बे में बालाजी सर्राफ में हुई चोरी का खुलासा किए जाने की मांग



न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मण्डल (रजि0) के पदाधिकारियों ने जिलाधिकारी को एक ज्ञापन सौंपकर किशनपुर कस्बे में बालाजी सर्राफ के यहां हुई चोरी समेत अन्य स्थानों पर घटित चोरी की घटनाओं का तत्काल खुलासा किए जाने की मांग की। चेतावनी दी गई कि यदि चोरियों का खुलासा न हुआ तो व्यवसायिक बंदी की जाएगी। उद्योग व्यापार मंडल के जिलाध्यक्ष राजेन्द्र मिश्रा की अगुवई में पदाधिकारी कलेक्ट्रेट पहुंचे और जिलाधिकारी को एक ज्ञापन सौंपकर बताया कि किशनपुर कस्बे में बालाजी सर्राफ में दो माह के अंतराल में तीन बार चोरी हुई है। इतना ही नहीं जिले भर के व्यापारी प्रतिष्ठानों में भी चोरी की घटनाओं को अंजाम दिया गया। जिनका खुलासा आज तक नहीं किया गया। मांग की गई कि प्रतिष्ठानों में लगे सीसी कैमरो में कैद चोरों को अतिशीघ्र गिरतार कर चोरी का खुलासा किया जाए। साथ ही किसानों की क्षतिपूर्ति कराई जाए। जिससे भयग्रस्त सर्राफ व्यवसायी अपने को भयमुक्त महसूस कर सके। कहा गया कि यदि चोरियों का खुलासा न हुआ तो संगठन के नेतृत्व में संपूर्ण जिले में व्यवसायिक बंदी की जाएगी। इस मौके पर हेमन्त शुक्ला, कुंवारे सिंह, श्रीकांत अग्निहोत्री, बालाजी अग्रवाल, जलाल उद्दीन, कृष्णचन्द्र भी मौजूद रहे।

# गरीब बच्चों के बीच केक काटकर मनाया जन्मदिन



न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। जहां आज का युवा वर्ग जन्मदिन को भव्य पार्टियों, महंगे गिफ्ट्स और सोशल मीडिया की चकाचौंध में उड़ाता है, वहीं समाजवादी पार्टी के युवा सभासद एवं समाजसेवी मोहम्मद आफताब ने एक बार फिर सादगी और संवेदना की मिसाल कायम की। उन्होंने अपना जन्मदिन शहर के ज्वालागंज स्थित निःशुल्क संस्कारशाला के मासूम बच्चों के साथ मनाया। जहां हंसी, तालियां और शिक्षा का संदेश गूंज उठा।

सुबह से ही संस्कारशाला परिसर में उत्साह का माहौल था। सभासद आफताब ने बच्चों के बीच पहुंचकर सबसे पहले केक काटा। बच्चों की चमकती आंखें और मुस्कुराते चेहरे इस पल की सबसे बड़ी सौगात बने। केक काटने के बाद उन्होंने मेधावी बच्चों को अपने हाथों से केक खिलाया और सभी को टॉफियां वितरित कीं। इसके साथ ही कॉपी, पेन, पेंसिल और अन्य स्टेशनरी सामग्री का वितरण किया गया, ताकि इन बच्चों की पढ़ाई में कोई रुकावट न आए। निःशुल्क संस्कारशाला में इस समय लगभग 60 गरीब एवं जरूरतमंद बच्चे निःशुल्क शिक्षा प्राप्त कर रहे हैं। सभासद आफताब इन बच्चों के लिए समय–समय पर सहयोग करते रहे हैं और उनकी पढ़ाई–लिखाई से लेकर जरूरतों तक का ख्याल रखते हैं। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मोहम्मद आफताब ने कहा कि जन्मदिन सिर्फ एक तारीख नहीं, बल्कि जीवन में सार्थकता लाने का अवसर है। बड़ी–बड़ी पार्टियां करना आसान है, लेकिन अगर हम उसी पैसे से किसी गरीब बच्चे के चेहरे पर मुस्कान ला सकें, तो यही सच्चा जश्न है। इस मौके पर शिक्षिका सलमा के अलावा मोहम्मद अख्तर, अरबाज, अमन, शाहिद, आसिफ, शालू सहित स्थानीय लोग उपस्थित रहे।

# अधेड़ ने कलेक्ट्रेट में किया आत्मदाह का प्रयास

## - दंबगो पर पत्नी व बच्चों के अपहरण व पुलिस पर अनदेखी का लगाया आरोप
## - होमगार्ड व पुलिस कर्मियों की सक्रियता से बची जान



न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। कलक्ट्रेट परिसर में मंगलवार को उस समय हड़कम्प मच गया जब लगभग पचास वर्षीय अधेड़ ने खुद पर ज्वलंतशील पदार्थ डालकर आग लगाने का प्रयास किया। सुरक्षा ने लगे पुलिस कर्मियों व होमगाड्र्स के जवानों की जैसे ही नज़र पड़ी तेज़ी से दौड़ कर खुद को आग के हवाले करने वाले अधेड़ को पकड़ा और किसी तरह काबू किया।अधेड़ ने खुद को किशनपुर थाना क्षेत्र के बरैती ग्राम निवासी दीपक यादव बताते हुए आरोप लगाया कि गांव के दबंग बिरजू यादव व सुनील यादव उसकी पत्नी उर्मिला 48 वर्ष, शादीशुदा बेटी रूबी 23 वर्ष, अविवाहित बेटी रजनी 17 वर्ष एवं ढाई वर्षीय नातिन काव्या को जबरन कही ले गये हैं। बताया कि जब उन्होंने थाने में पत्नी के अपहरण की शिकायत दर्ज कराने की कोशिश की व पत्नी एवं बच्चो को ढूढंने की गुहार लगाई तो पुलिस कर्मियों ने उनके साथ अभद्रता करते हुए थाने से भगा दिया। लगातार उत्पीड़ित किये जाने से खुद वह एवं दामाद अंकित यादव भी परेशान है। पत्नी को ढूढने का प्रयास कर रहा है लेकिन वह कहीं नहीं मिली। कलक्ट्रेट में शिकायती पत्र लेकर आया था लेकिन समय अधिक हो जाने के कारण जिलाधकारी से नहीं मिल सका। कलेक्ट्रेट परिसर में व्यक्ति द्वारा खुद को आग लगाये जाने की घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस व प्रशासनिक अमले में हड़कम्प मच गया। जिलाधकारी कार्यालय के समीप हाईप्रोफाइल जगह पर घटना की खबर से मीडिया कर्मियों की भी भारी भीड़ लग गयी। जानकारी मिलते ही मौके पर एडीएम मौके पर पहुँचे व उपस्थित कर्मियों से जानकारी हासिल कर पीडित को बुलाकर बातचीत की। घटना की सूचना पर एसडीएम अनामिका श्रीवास्तव भी पहुंची। वहीं सीओ सिटी गौरव शर्मा नेतृत्व में सदर कोतवाल तारकेष्वर राय कोतवाली के फोर्स के साथ पहुंचे व पीड़ित की समस्या के बाबत पूछताछ कर उसे अपने साथ कोतवाली ले आये। वहीं मीडिया में खबरे चलने के बाद देर शाम तक हंगमा मचा रहा। घटना के बाबत पुलिस उपाधीक्षक गौरव शर्मा ने बताया कि पीड़ित की पत्नी बच्चों समेत कहीं चले गये है जिससे व्यक्ति अवसाद में था। पुलिस ने गुमशुदगी दर्ज कर परिवार की तलाश कर रही है। उधर घटना के कारणों को लेकर गांव से लेकर जिला मुख्यालय तक लोगों द्वारा तरह तरह की चर्चाएं होती रही।

# बिना हेलमेट दो पहिया वाहन न चलाएं छात्र-छात्राएं

## - सड़क पर कहीं दुर्घटना होने पर 112 पर डायल करें
## - बीओएस में यातायात माह के तहत बच्चों को किया जागरूक



न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। यातायात माह के तहत यातायात पुलिस ने जागरूकता अभियान चलाया। अभियान के तहत मंगलवार को ब्रिलियंट ओरियंटल स्कूल में छात्र–छात्राओं को यातायात के प्रति जागरूक किया। उनको वाहन चलाते समय सावधानी बरतने की भी हिदायत दी। दोपहिया वाहन चलाते समय हेलमेट अवश्य लगाने के लिए जागरूक किया। बच्चों से सड़क पार करते समय सावधानी बरतने को कहा गया।

बच्चों को संबोधित करते हुए ट्रैफिक इंचार्ज लालजी सविता ने कहा कि नवंबर माह में यातायात जागरुकता अभियान चलाया जाता है। इस दौरान शिविर लगाकर और स्कूलों में गोष्ठियां कर लोगों और छात्र–छात्राओं को भी यातायात के प्रति जागरुक किया जाता है। उन्होंने कहा कि वाहन चालकों को चाहिए कि दो पहिया वाहन चालते समय हेल्मेट जरूर लगाएं। मोबाइल फोन का प्रयोग न करें। चार पहिया वाहन चलाते समय सीट बेल्ट का प्रयोग करें। वाहन पर आगे व पीछे हाई सिक्योरिटी नंबर प्लेट जरूर लगवाएं व नंबर प्लेट कलात्मक व चमकीली धातु से न बनी हो। नशे की हालत में वाहन न चलाएं। दो पहिया वाहन पर तीन सवारी न बैठाएं। 18 वर्ष से कम आयु के बच्चे गेयर वाले वाहन न चलाएं। व्यवसायिक वाहनों की समने की बत्तियां, हेडलाइलट का ऊपरी आधा हिस्सा काला पुता होना चाहिए। वाहन चलाते समय वैध परमिट, ड्राइविंग लाइसेंस, रजिस्ट्रेशन और बीमा के कागजात सदैव अपने पास रखें। गाड़ियों में निर्धारित क्षमता से अधिक सवारियां न बैठाएं। बिना स्वी.त वाहनों पर लाल व नीली बत्ती न लगाएं। कोहरा होने पर फाग लाइट का प्रयोग करें। दाएं–बाएं मुड़ने से पहले संकेत जरूर दें। खराब वाहन को बीच सड़क पर न छोड़ें। हादसा होने पर 112 पर सूचना दें। इस दौरान बच्चों को यातायात नियमों के पालन की शपथ भी दिलाई गई। स्कूल में ट्रैफिक इंचार्ज लालजी सविता, कांस्टबल धर्मेद्र प्रताप सिंह, अनिल कुमार व राम बाबू का स्वागत चेयरमैन सैयद वासिफ हुसैन, प्रिंसिपल वकील अहमद, ताहिर हुसैन, ताहिर हसन आदि ने किया।

# एसडीओ व जेई के साथ मारपीट करने वाले तीन गिरफ्तार



न्यूज वाणी ब्यूरो/फतेहपुर। विद्युत विभाग में उपखंड अधिकारी व अवर अभियंता से मारपीट और सरकारी कार्य में बाधा डालने के मामले में कोतवाली पुलिस ने तीन आरोपियों को गिरतार किया है। आरोपियों को कोर्ट में पेश किया गया है। कोतवाल तारकेश्वर राय और उनकी टीम ने मंगलवार को आरोपी बलराम सिंह निवासी 9 सोहबतियाबाग थाना जार्जटाउन जनपद प्रयागराज, हाल पता रानी कालोनी थाना कोतवाली, पप्पू सिंह निवासी 9 सोहबतियाबाग थाना जार्जटाउन जनपद प्रयागराज, हाल पता रानी कालोनी थाना और पिन्टू सिंह निवासी बाकरगंज थाना पश्चिम शरीरा जनपद कौशाम्बी, हाल पता रानी कालोनी को रानी कालोनी मोड़ के पास से गिरतार किया है। कोतवाल तारकेष्वर राय ने बताया कि आरोपियों ने उपखंड कार्यालय में आकर बिल पास कराने के लिए दबाव बनाया और गाली–गलौज करते हुए मारपीट की। इस दौरान बीच–बचाव करने आए अवर अभियंता अनूप कुमार को भी जातिसूचक शब्दों का प्रयोग करते हुए मारा–पीटा गया। मामले का वीडियो सोशल मीडिया में वायरल हुआ था। मामले में उपखंड अधिकारी अमित कुमार शर्मा की तहरीर पर आरोपियों के खिलाफ मारपीट, सरकारी कार्य में बाधा और एससी एसटी एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज किया गया था।

# विजयीपुर ब्लाक परिसर में दुर्गा चालीसा पाठ आज से



न्यूज वाणी ब्यूरो

खागा, फतेहपुर। भक्ति और श्रद्धा के माहौल में विजयीपुर ब्लॉक परिसर में शक्ति पुत्र भक्तजनों की ओर से 24 घंटे का दुर्गा चालीसा पाठ कल (आज) से प्रारंभ होने जा रहा है। इस धार्मिक आयोजन में क्षेत्र भर के श्रद्धालु बड़ी संख्या में शामिल होंगे।कार्यक्रम की शुरुआत विधिवत पूजा–अर्चना एवं मां दुर्गा के जयघोष के साथ की जाएगी। भक्तजन मां के चरणों में भक्ति गीतों, भजन–कीर्तन और अखंड दुर्गा चालीसा पाठ के माध्यम से अपनी श्रद्धा अर्पित करेंगे। आयोजकों ने बताया कि यह कार्यक्रम 24 घंटे निरंतर चलेगा, जिसमें क्षेत्र के सैकड़ों देवी–भक्तों की सहभागिता रहेगी। कार्यक्रम स्थल को आकर्षक ढंग से सजाया गया है और सुरक्षा एवं व्यवस्था के लिए स्थानीय प्रशासन से सहयोग भी लिया गया है। शक्ति पुत्र भक्तजनों ने क्षेत्र के सभी श्रद्धालुओं, मातृशक्ति और भक्तजनों से सादर आमंत्रण किया है कि वे अधिक से अधिक संख्या में पहुँचकर मां दुर्गा की आराधना में सहभागी बनें और पुण्य लाभ प्राप्त करें।

# आवेदनों को 15 नवंबर से पूर्व करें अग्रसारित

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। जिला पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी ने बताया कि पीएम यशस्वी योजना के अंतर्गत शैक्षणिक वर्ष 2025–26 के लिए सर्वाच्च श्रेणी की शिक्षा हेतु छात्रों के आवेदन, शिक्षण सस्थानों के नोडल अधिकारी (एल–1) द्वारा आवेदनों के सत्यापन तथा स्टेट नोडल ऑफिसर (एसएनओ) (एल–2) द्वारा आवेदनों के सत्यापन हेतु पुनः सशोधित तिथि निर्गत की गयी है। आवेदन जमा करने की अन्तिम तिथि 15 नवंबर, एल–1 सत्यापन की अन्तिम तिथि 25, एल–2 सत्यापन की अन्तिम तिथि 05 दिसंबर है। इसलिए समस्त शिक्षण संस्थानों के नोडल अधिकारी (एल–1) को सूचित किया जाता है कि योजनान्तर्गत प्राप्त आवेदनों को अन्तिम तिथि 15 नवंबर से पूर्व नियमानुसार सत्यापित/अग्रसारित करें।

# बायोमेट्रिक अपडेट कराएं लाभार्थी

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। जिला समाज कल्याण अधिकारी ने बताया कि मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के जिन लाभार्थियों के आधार कार्ड में बाल्यावस्था अथवा बहुत पुरानी फोटो लगी है और जिन्होंने अपना बायोमेट्रिक अपडेट नहीं कराया है वह लाभार्थी आवेदन कर रहा हो वह आधार स्पष्ट (पठनीय) रूप से लगाए तथा जिनके पास आधार नही है वह आधार भी अनिवार्य रूप से बनवाने की कार्यवाही करें। उक्त योजना का व्यापक प्रचार–प्रसार कराएं। जिससे कि मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के लाभार्थियों को आयोजन के समय किसी भी प्रकार की कोई कठिनाई उत्पन्न न हो सके।

# नवीन चयन सूची संलग्न प्रारूप पर कराएं उपलब्ध

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। मुख्य पशु चिकित्साधिकारी ने बताया कि जनपद में चालू वित्तीय वर्ष 2025–26 में अधीन बकरी पालन की योजना के अन्तर्गत 10 इकाईयों का लक्ष्य निधारित किया गया है। अवगत कराया कि चयन की प्रक्रिया निर्धारित गाइडलाइन्स के अनुसार की जाएगी। इसलिए पत्र के साथ संलग्न दिशा–निर्देशों के अनुसार अनुसूचित जाति के महिला/पुरूष बेरोजगार पशुपालक जिनके पास बकरियों को रखने का उचित स्थान हो, विधवा निराश्रित महिला का प्राथमिकता दी जायेगी। भेड़ एवं बकरी पालन प्रशिक्षण केन्द्र इटावा एवं केन्द्रीय बकरी अनुसन्धान संस्थान फराह, मखदुम मथुरा से बकरी पालन का प्रशिक्षण प्राप्त आवेदकों को वरीयता के अनुसार नवीन चयन की सूची/विवरण शीघ्र अतिशीघ्र संलग्न प्रारूप पर उपलब्ध कराएं। जिससे लाभार्थियों की सूची निदेशक, प्रशासन एवं विकास, पशुपालन विभाग, उ०प्र० लखनऊ को प्रेषित करते हुये अग्रिम कार्यवाही की जा सकें।

# जनपद के स्थापना दिवस पर लगेगा रक्तदान शिविर

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। इंडियन रेडक्रास सोसाइटी जनपद के 199 वें स्थापना दिवस पर आगामी नौ नवंबर को प्रातः दस बजे से मानस ब्लड बैंक में रक्तदान शिविर आयोजित करेगी। सोसाइटी के चेयरमैन डॉ अनुराग ने सभी जनपदवासियों से आहवान किया कि आयोजित रक्तदान शिविर में सहभागिता निभाकर एक साथ चार ज़िंदगी बचाने का पुनीत कार्य करें। स्थापना दिवस के गौरवशाली पल के साक्षी बनें। साथ ही दस नवंबर को 5 या 11 दीपक या मोमबत्ती अवश्य जलाएं और साथ ही पांच अन्य लोगों को भी प्रेरित करें कि जनपद के स्थापना दिवस को दीपोत्सव की तरह मनाएं।

# पिकअप की टक्कर से मोपेड सवार वृद्ध की मौत

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। बिंदकी कोतवाली क्षेत्र के मूंज का पुरवा गांव में पिकअप गाड़ी की टक्कर से मोपेड सवार ओम प्रकाश दिवाकर 65 वर्ष निवासी ग्राम चुरियानी सामियाना थाना गाजीपुर की मौके पर दर्दनाक मौत हो गई। दुर्घटना के बाद भीड़ लग गई। सूचना मिलने पर कोतवाली प्रभारी निरीक्षक लान सिंह पुलिस बल के साथ पहुंचे। उधर बकेवर थाना की सीमा पास होने के कारण बकेवर थाना पुलिस भी मौके पर पहुंची। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। बताया जाता है कि मोपेड सवार वृद्ध बकेवर से खजुआ की ओर जा रहा था जबकि पिकअप गाड़ी खजुआ से बकेवर की ओर जा रही थी। तभी रास्ते में दुर्घटना हो गई। मृतक साधु वेश में था।

स्वामी,प्रकाशक,मुद्रक, फतेहपुर किंग सेवा संस्थान के लिये नफीस अहमद जाफरी द्वारा जाफरी प्रिन्टर्स 170 महाजरी फतेहपुर उ0प्र0 से मुद्रित एंव प्रकाशित । सम्पादक नफीस अहमद जाफरी मो0 9451548620 R.N.I : UPHIN/ 2011/44792 (समस्त विवादो का न्याय क्षेत्र फतेहपुर )